भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 970

12 दिसम्बर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुर्वेदिक अस्पतालों में चिकित्सकों और उपकरणों की कमी

970 श्री नीरज डांगीः

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कितने आयुर्वेदिक अस्पताल कार्यशील हैं, तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आयुर्वेदिक अस्पताल डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार इन अस्पतालों में संसाधनों और उपकरणों की कमी के मुद्दों से अवगत है; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस प्रकार की कमियों को दूर करने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं या किए जा रहे हैं?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 01.04.2022 तक देश में आयुर्वेदिक अस्पतालों की कुल संख्या, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, **संलग्नक-I** पर दी गई है।

(ख) से (ड.): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, आयुष डॉक्टरों/चिकित्सकों के पदों को भरने, आयुष अस्पतालों में पर्याप्त संसाधन और उपकरण उपलब्ध कराने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के कार्यक्षेत्र में आती है। हालाँकि, आयुष मंत्रालय की केंद्रीय प्रायोजित योजना अर्थात् राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) में 'आयुष अस्पतालों के उन्नयन' घटक के तहत मौजूदा परिसर, फर्नीचर, फिक्स्चर, उपकरण आदि के निर्माण, नवीनीकरण के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है। तदनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

*****

संलग्नक-I

01.04.2022 तक देश में आयुर्वेदिक अस्पतालों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आयुर्वेदिक अस्पतालों की कुल संख्या
(1)	(2)	(3)
क. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र		
1	आंध्र प्रदेश	3
2	अरुणाचल प्रदेश	10
3	असम	1
4	बिहार	5
5	छतीसगढ़	11
6	दिल्ली	2
7	गोवा	1
8	गुजरात	39
9	हरियाणा	15
10	हिमाचल प्रदेश	33
11	जम्मू-कश्मीर	4
12	झारखंड	0
13	कर्नाटक	195
14	केरल	129
15	मध्य प्रदेश	41
16	महाराष्ट्र	84
17	मणिपुर	6
18	मेघालय	4
19	मिजोरम	2
20	नागालैंड	2
21	ओडिशा	5
22	पंजाब	21
23	राजस्थान	118
24	सिक्किम	2
25	तमिलनाडु	2
26	त्रिपुरा	3
27	उत्तर प्रदेश	1788
28	उत्तराखंड	430
29	पश्चिमी बंगाल	6
30	अंदमान एवं निकोबार द्वीप	1
31	चंडीगढ़	1
32	दादरा व नागर हवेली और दमण व दीव	2
33	लद्दाख	0
34	लक्षद्वीप	1
35	पुडुचेरी	1

36	तेलंगाना	4
	कुल(क)	**2972**
ख. सीजीएचएस और केंद्र सरकार संगठन		20
कुल(क+ख)		**2992**

स्रोत: राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें